an>

Title: Need to hand over the V.N. Purav Marg, opposite SPDC Colony, Mankhurd junction (East) near Mumbai which is presently under Ministry of Defence to Municipal Corporation of Mumbai.

श्री राहुल रमेश शेवाले (मुम्बई दक्षिण मध्य) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से रक्षा मंत्रालय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मेरा संसदीय क्षेत्र मुम्बई दक्षिण मध्य है। वहां पर वी.एन. पूर्व मार्ग को चौड़ा करने के काम को पूरा करने के लिए मुम्बई नगर निगम ने अपने हाथ में लिया है। लेकिन रक्षा मंत्रालय द्वारा जो जमीन हैंडओवर की जानी थी, वह न किए जाने से काम रुका हुआ है। बॉटल नेक होने की वजह से वहां आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं और लोगों की मौत होती है। मैं रक्षा मंत्रालय से कहना चाहता हूं कि अगर उस जमीन को मुम्बई नगर निगम को वह हैंडओवर कर दे तो जो बॉटल नेक का इश्यू है, वह खत्म हो जाएगा। वहां पर मुम्बई नगर निगम ने इस कार्य के लिए चार करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। अगर रक्षा मंत्रालय इसे मंजूरी दे दे तो यह रोड चौड़ी करने का काम जल्द पूरा हो सकता है।